प्लाईवुड मैन्युफैक्चर वेलफेयर एसोसिएशन का संवाद-समाधान कार्यक्रम

# प्रदेश में जीडीपी और प्रतिव्यक्ति आय हुई दोगुनी : मुख्य सचिव

**जासं, सहारनपुर** : मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने विकास की नई गाथा लिखी है। आठ वर्षों में प्रदेश की जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हुई है। दोनों ही मानकों में उत्तर प्रदेश ने देश में नया कीर्तिमान बनाया है। प्रदेश का औद्योगीकरण में हरियाणा से मुकाबला नहीं है। हमारा मुकाबला तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात और महाराष्ट्र से हो है, जहां जमीन काफी सस्ती है।

आइआइटी रुड़की कैंपस के सभागार में प्लाईवुड मैन्युफैक्चर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा संवाद व समाधान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार नई पालिसी लेकर आई है। एफडीआइ जिसमें फारेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट, फारेन कैपिटल इन्वेस्टमेंट या फारच्यून 500, इस तरह की कंपनियों को फ्रंट लैंड सब्सिडी 75 प्रतिशत मिलेगी। पिछले आठ वर्षों में प्रदेश की जीडीपी 17 लाख करोड़ से बढ़कर 28 लाख करोड़ पार कर गई। प्रति व्यक्ति आय 50 हजार प्रतिवर्ष से बढ़कर 1.25 लाख हो चुकी है। सरकार किसानों से जुड़ना चाहती है, जिससे किसानों के उत्पाद अमीर देशों में बेचे जाएं। प्रदेश में बंजर जमीन नहीं है। देश के कुल गेहूं का 35 प्रतिशत प्रदेश में होता है और यहां 425 लाख टन गेहूं होता है। खेती के 15 उत्पादों में यूपी देश में नंबर एक पर है। बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे निकट मेरठ में औद्योगिक हब के लिए 300 हेक्टेयर जमीन ली जा चुकी है।




आइआइटी रुड़की कैंपस में प्लाइवुड मैन्युफैक्चर वेलफेयर एसो. द्वारा आयोजित संवाद एवं समाधान कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ● जागरण